an>

title: Need to ensure extension of facilities approved under Kisan Credit Card scheme to farmers in Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः किसानों को अपने खेतों में फसल उगाने में केंद्र की सहायता दिये जाने हेतु फसल ऋण उपलब्ध कराने की योजना शुरू की गई है, जिससे फसल पैदा करने के कार्य यथा खेत जोतने से लेकर फसल को काटने तक किसानों को धन की कमी न हो और वे बीज, खाद एवं सिंचाई की कमी का अभाव महसूस न कर सकें, जिससे किसान नये उत्साह से उत्पादन कार्य कर देश के विकास में योगदान दे सकें। इसके लिए किसानों को क्रेडिट कार्ड की सुविधा किसानों का दी गई है, जिसको वाणिज्य बैंक, ग्रामीण बैंक एवं सहकारी बैंकों द्वारा चलाया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड को व्यक्तिगत दुर्घटना इंश्योरेंस में भी कवर किया गया है, पर देश के किसानों को यह सुविधा आसानी से नहीं मिल रही है, जिसके कारण मेरे गृह राज्य महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या कर रहे हैं और महाराष्ट्र में लगातार चार साल से व्याप्त सूखे से एवं महाराष्ट्र के हाल ही में कई क्षेत्रों में भारी बरसात में ये सुविधायें किसानों को समय पर मिलनी चाहिए, जो नहीं मिल रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि फसल ऋण योजना को सख्ती से लागू किया जाये, जिससे माननीय प्रधानमंत्री जी के सपने को पूरा किया जा सके। किसानों को सहायता दिये जाने हेतु एक हेल्प लाईन नम्बर भी दिया जाये, जिससे किसान फसल ऋण को प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत महसूस करें तो वह सरकार को सूचित कर सकें।